आकाशवाणी शिमला

30.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस को बताया अहंकार में रहने वाला राजनीतिक दल– कानून की धज्जियां उड़ाने का लगाया आरोप।
- विधायक पद की सदस्यता से इस्तीफा मंजूर न होने पर 3 निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सचिवालय में दिया धरना।
- प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में अपनी–अपनी जीत का किया दावा।
- पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी इलाकों में बारिश– अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन का खतरा बढ़ा।

## अनुराग ठाकुर

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस अहंकार में रहने वाला राजनीतिक दल है। अपने जम्मू–कश्मीर प्रवास के दौरान आज कटरा में एक चुनावी कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल इनकम टैक्स कानून का पालन करते हैं जबकि कांग्रेस इस कानून की धज्जियां उड़ाती है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के सांसद के पास 3 सौ 50 करोड़ से ज़्यादा नकद राशि बरामद होती है और दिल्ली में केजरीवाल पर शराब घोटाले का आरोप लगाने वाली कांग्रेस अब उनके साथ खड़ी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं का सशक्तिकरण बढ़ाने के लिए वो सभी कदम उठाए हैं जिनकी एक दशक पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

## इस्तीफा

अपने विधायक पद की सदस्यता से 22 मार्च को इस्तीफा देने वाले तीन निर्दलीय विधायक कृष्ण लाल ठाकुर, होशियार सिंह, और आशीष शर्मा इस्तीफा स्वीकार न होने पर आज विधानसभा परिसर शिमला में धरने पर बैठ गए हैं। इन विधायकों का आरोप है कि विधानसभा सचिवालय राज्य सरकार के दबाव में काम कर रहा है और विधानसभा अध्यक्ष इस्तीफे को मंजूर नहीं कर रहे हैं। निर्दलीय विधायकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए क्योंकि तीनों निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर विधानसभा सचिवालय पहुंचकर इस्तीफा दिया था ऐसे में जब बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से इस्तीफ़ा दिया गया है तो विधानसभा अध्यक्ष को इसे मंजूर कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर इस्तीफ़ा शीघ्र मंजूर नहीं हुआ तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे। गौरतलब है कि तीनों निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सचिवालय के साथ अपने इस्तीफे की एक प्रति राज्यपाल को भी दी है और इस्तीफा सौंपने के बाद व्यक्तिगत तौर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से भी मुलाकात कर इस्तीफा सौंपा था। इस्तीफा देने के बाद तीनों निर्दलीय विधायकों ने 23 मार्च को दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी।

## भाजपा – घोषणा–पत्र समिति

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव घोषणा–पत्र समिति का गठन किया है। पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज यह घोषणा करते हुए कहा कि 27 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष

पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह होंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मला सीतारामन को समिति का संयोजक और पीयूष गोयल को सह–संयोजक बनाया गया है।

**जयराम–बिहारी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति होगा। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि देश के लोग केवल नरेन्द्र मोदी पर भरोसा करते हैं और मात्र 10 वर्षों में उनके कुशल नेतृत्व में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा के पास देश को आगे ले जाने का विजन और विकसित बनाने का लक्ष्य है जबकि विपक्ष के गठबंधन के पास न नेता है, न नीति है और न ही नीयत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं के कारण देश में आम जनमानस के जीवन स्तर में ऐतिहासिक सुधार हुआ है।

इस बीच, प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत पर लगातार बेतुकी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत है और इन टिप्पणियों का मण्डी संसदीय क्षेत्र की 6 लाख से अधिक महिलाएं जवाब देंगी।

**श्रीकांत शर्मा**

प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार 4 सौ पार और हिमाचल की चार की चार सीटें जीतने के नारे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज शिमला में भाजपा जिला अनुसूचित मोर्चा और शिमला मण्डल की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प लेते हुए हर बूथ पर पूरे प्रदेश में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि 2004 से 2014 में कांग्रेस की यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में 15 घोटाले हुए जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम किया है।

**विक्रमादित्य सिंह**

प्रदेश में 4 लोकसभा व 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख दल अपने–अपने पक्ष में लोगों को करने के लिए जुट गए हैं। दोनों ही राजनीतिक पार्टियां बैठकें कर कार्यकर्ताओं को चुनाव रणनीति पर सुझाव दे रही हैं और लोगों तक अपनी उपलब्धियों को पहुंचाने का आग्रह कर रही हैं। इसी कड़ी में लोक निर्माण मंत्री व मण्डी लोकसभा चुनाव क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान इस चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा के समय कंगना रणौत गायब थीं जबकि चुनाव में भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाने के बाद उन्हें मण्डी की खूबियां दिख रही हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आपदा के समय भी मण्डी की बेटी कंगना रणौत ने यहां के प्रभावितों की सुध नहीं ली जबकि वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह ने मण्डी संसदीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री के साथ लोगों का दर्द बांटा और विकास कार्य किए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिना केन्द्र की सहायता के आपदा के दौरान राज्य में बेहतरीन काम करके दिखाया और आपदा प्रभावितों के लिए 4 हज़ार 5 सौ करोड़ रूपए का राहत पैकेज जारी किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पूरी मज़बूती के साथ लोकसभा चुनाव व सभी 6 उपचुनाव में चुनाव मैदान में उतर कर जीत दर्ज करेगी।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि भाजपा नेता प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए तर्कहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 68 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के 34, जबकि भाजपा के 25 विधायक हैं, ऐसे में भाजपा नेताओं को स्पष्ट करना चाहिए कि वो प्रदेश में कैसे सरकार बना सकती है। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार पूर्ण बहुमत में है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने कहा कि बागी विधायकों ने भाजपा नेताओं के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी के साथ जो विश्वासघात किया है इसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के मध्यम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बारिश व ओलावृष्टि और बर्फबारी का समाचार है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में आए बदलाव से किन्नौर, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, शिमला और लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियां पर बर्फबारी हुई है। लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फबारी से मनाली–केलंग मार्ग समेत घाटी की सभी अंदरूनी सड़कें आवाजाही के लिए बाधित हो गई हैं। किन्नौर के कल्पा, सांगला और छितकुल क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बर्फबारी हुई है और कई इलाकों में हिमस्खलन का खतरा भी बढ़ गया है। उपायुक्त अमित शर्मा ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है। निचले मैदानी क्षेत्रों में कई स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ ओलावृष्टि व बारिश होने से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। हलांकि कई इलाकों में इस वर्षा ने मटर, गोभी और लहसुन की फसल के लिए संजीवनी का काम किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 31 मार्च तक प्रदेश के कई भागों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस को बताया अहंकार में रहने वाला राजनीतिक दल– कानून की धज्जियां उड़ाने का लगाया आरोप।
- विधायक पद की सदस्यता से इस्तीफा मंजूर न होने पर 3 निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सचिवालय में दिया धरना।
- प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में अपनी–अपनी जीत का किया दावा।
- पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी इलाकों में बारिश– अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन का खतरा बढ़ा।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**